53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.0°c अधिकतम 32.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:20, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 173 | मंगलवार, 24 जून 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

क्रोध हमेशा मूर्खता से शुरू होकर पश्चाताप पर समाप्त होता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

उपचुनावों में इंडिया गठबंधन से संबद्ध दलों की जीत बता रही है कि भाजपा अपने अंतिम दौर में है : अखिलेश यादव



हैं कई संदेश प्यारे.... जीत के संदेश में.........

# गैंगस्टर एक्ट के दुरूपयोग मामले में डीएम, एसएसपी और खालापार कोतवाल को हाईकोर्ट ने किया तलब

**▶▶ 7 जुलाई को डीएम, एसएसपी व कोतवाल को होना होगा व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट में उपस्थित, देना होगा स्पष्टीकरण**

**मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)।** आपको बता दें कि खालापार कोतवाली पुलिस ने 30 मई को मंसाद समेत सात गौकशों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की थी। उक्त मामले में न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने मंशाद की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान खालापार पुलिस और उसके साथ-साथ प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गैंगस्टर एक्ट के दुरूपयोग के सवाल खड़े किए हैं। इसी मामले में कोर्ट ने गौकश मंशाद उर्फ सोनू की याचिका पर सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी, एसएसपी और खालापार कोतवाल को 7 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश जारी किए हैं। कोर्ट ने इसे कानून का निर्लज्ज दुरूपयोग करार दिया है। कोर्ट ने पाया कि आरोपी पर 2015 से पहले ही गैंगस्टर



एक्ट लगाया जा चुका था, बावजूद इसके 2023-2024 और 2025 के पुराने मामलों के आधार पर दोबारा यही कानून कैसे लागू कर दिया गया? न्यायालय ने यहां तक कहा कि इसके लिए केवल थाना प्रभारी की मनमानी ही नहीं बल्कि एसएसपी व जिलाधिकारी की घोर लापरवाही साफतौर पर प्रतीत हो रही है। आगे कोर्ट ने कहा कि प्रशासन को संयुक्त बैठक कर नियमों पर विवेकपूर्ण विचार करना चाहिए था। कोर्ट ने इसे दोहरापूर्ण कार्यवाही व दुर्भावनापूर्ण माना है। बड़ी बात यह है कि राज्य सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सरकारी अधिवक्ता एजीए कोर्ट को यह स्पष्ट नहीं कर सके कि आखिर पुराने मामलों के आधार पर बार-बार लगातार तीन वर्षों तक गैंगस्टर एक्ट क्यों लगाया गया। पूरे प्रकरण का कोर्ट द्वारा गंभीरता से संज्ञान लेते हुए यह भी सवाल खड़ा किया गया कि आरोपी को अंतरिम जमानत प्रदान की गयी और फिर कुछ शर्तों के साथ रिहाई के आदेश जारी किए गए, जिसमें ट्रायल में सहयोग और किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल न होना बताया गया। सुप्रीम कोर्ट के विनोद बिहारी लाल और लाल मौहम्मद मामलों सहित कोर्ट ने कई फैसलों का हवाला दिया और दोहराया कि गैंगस्टर एक्ट का यह आंतरिक और दोरावर पूर्ण उपयोग ने केवल कानून का उल्लंघन है। इसी के साथ साथ यह राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए हाल ही के दिशा-निर्देशों का भी अपमान है, जोकि सुप्रीम कोर्ट के गोरखनाथ मिश्रा मामले में पारित आदेश के अनुपालन में बनाए गए थे। आपको बता दें कि उक्त मामले में अब 7 जुलाई को खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को 7 जुलाई 2025 को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से पेश होकर अपनी कार्यप्रणाली के विषय में स्पष्टता देनी होगी और स्पष्ट करना होगा कि कानून का ऐसा दुरूपयोग क्यों किया गया है?

# सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चला छापामार अभियान

**▶▶ तीन किग्रा पॉलीथिन जब्त व 3 हजार वसूला जुर्माना**

**मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)।** सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले दुष्परिणामों के साथ सरकार द्वारा लगाए प्रतिबंधों के बाद भी जिले में इसके धड़ल्ले से हो रहे इस्तेमाल को रोके जाने के लिए सोमवार को पालिका टीम ने बाजारों में उतरते हुए इस बीच सख्ती के संकेत दिए। नगर पालिका प्रशासन के अभियान का फोकस सिंगल यूज प्लास्टिक सहित प्लास्टिक कचरे के उपयोग व उत्पादन में कमी लाने के साथ प्लास्टिक कचरे का पृथक्करण, संग्रहण, निपटान और पुनर्चक्रण के माध्यम से नष्ट करना या दूसरे उपयोग में लाते हुए, सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए दीर्घकालिक विकल्पों को प्रोत्साहन देने के साथ ही सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाना रहेगा।

सोमवार को कोर्ट की सख्ती एवं शासन के जारी हुए निर्देशों के बीच पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र के भगत सिंह रोड पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध अभियान चलाया गया। इस बीच पालिका टीम ने दुकानदारों को शासन की मंशा के बीच नगर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक गिलास, चम्मच, थर्माकोल के बर्तन के साथ मात्र एक बार उपयोग में आने वाली पॉलीथिन की थैलियों को न बेचे जाने का भी आह्वान किया। नगर



पालिका टीम ने इस दौरान तमाम दुकानदारों को जागरूक करने के साथ बंसल ट्रेडर्स, राहुल कुमार एवं नरेंद्र कुमार आदि तीन दुकानदारों से करीब 3 किलोग्राम प्रबंधित प्लॉस्टिक जब्त करते हुए 3000 रुपए का जुर्माना वसूलने के साथ भविष्य में इसके प्रयोग न करने की चेतावनी दी। नगर क्षेत्र में शुरू अभियान में मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार, सफाई निरीक्षक वैशाली सोती, प्रभारी टीएस पारूल यादव, राजस्व निरीक्षक अमित कुमार, लिपिक आकाशदीप, रूचि शर्मा, मनीष कुमार, शोभित, वाजिद कर विभाग और दीपक सैनी आईटीसी मिशन सुनहरा कल आदि उपस्थित रहे।

# लाख मशक्कत के बाद भी नहीं मिला नाले में गिरे मासूम का कोई सुराग

**मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)।** रविवार की बारिश एक मासूम पर कहर बनकर बरपी जब मामूली सा पैर फिसल जाने से शेरनगर निवासी राहुल का पुत्र अवि नाले में बह गया था। घटना के बाद पूरा क्षेत्र इकट्ठा होकर नाले में उतर गया था और तभी से अब तक अवि की तलाश चल रही है। हैरानी की बात यह है कि समाचार पढ़े जाने तक अवि को नाले में बहे हुए 48 घंटे के लगभग हो जाएंगे मगर अवि का कोई सुराग हाथ न लगने से भारी निराशा तो हासिल हुई ही है। साथ ही साथ परिवार में कोहराम मचा हुआ है। नगर का हरेक आदमी बस एक ही दुआ कर रहा है कि किसी भी तरह से बस उक्त तीन वर्षीय मासूम जीवित अवस्था में मिल जाए। आज दिन निकलते ही एसडीएम निकिता शर्मा शेरनगर पहुंची और घंटों राहत और बचाव कार्य चलाने के बाद भी कोई सफलता हासिल न होने पर वापस लौट आई। उसके बाद राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल भी वहां पहुंचे और परिवार के लोगों







को ढांढ़स बंधाया और परिवार के लोगों को बताया कि पूरा प्रशासनिक अमला बच्चे की तलाश में लगा हुआ है। सिंचाई विभाग से पोखलेन मशीन मंगाकर नाले की सफाई कराई गयी, हापुड़ से फ्लड टीम को भी मौके पर बुलाया गया और सोमवार सुबह से ही गोताखोरों व फ्लड टीम बच्चे की तलाश में जुटी रही। हालांकि नाराज आक्रोशित ग्रामीणों ने दिल्ली-देहरादून मार्ग पर जाम लगा दिया। प्रशासन ने समझा-बुझाकर उक्त जाम को खुलवाया और बताया कि इसमें प्रशासन की कोई गलती नहीं है, प्रशासन सिर्फ अपना सहयोग कर रहा है कि किसी तरह उक्त बच्चा मिल जाए। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने यह भी आश्वासन दिया कि जिन प्रधान के द्वारा यहां नालों की लम्बे समय से सफाई नहीं कराई गयी है, उनसे भी बातचीत कर कोई न कोई कार्यवाही उनके विरुद्ध भी कराई जाएगी। घटनास्थल पर ही गौसेवा करने वाले अमन सेनकर, दीपक, शुभम शर्मा द्वारा प्राइवेट सेफ्टी टैंक मंगवाकर बच्चे को तलाशने में पूरी मदद की गई और खुद ही बच्चा तलाशने के लिए नाले में उतर गए। फिलहाल तो हरेक व्यक्ति यही दुआ करता दिख रहा है कि किसी तरह उक्त बच्चा मिल जाए।

## आखिर कहां चला गया नाले में फिसला अवि ?

**मुजफ्फरनगर।** घटना के 48 घंटे बाद भी नाले में फिसले अवि का न मिलना एक ओर जहां रहस्य बन गया है, वहीं हरेक जुबान पर एक ही चर्चा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जो 48 घंटे बाद भी नाले में गिरे अवि की एक चप्पल तक नहीं मिली, जिससे कोई उम्मीद जगे कि जल्द ही अवि मिल जाएगा। तरह-तरह के ख्याल घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मन में आ रहे हैं। कुछ लोग यह कहते दिखाई दिये कि कहीं नाले में गिरने से पहले ही अवि को कोई उठाकर तो नहीं ले गया। हालांकि इन सब बातों की किसी प्रकार की कोई पुष्टि नहीं है मगर कूड़े-करकट से अटे नाले से किन रहस्यमयी परिस्थितियों में अवि एकाएक गायब हो गया कि अभी तक उसका कोई सुराग ही नहीं लग सका। एक ओर जहां परिजन इस बात से दुखी हैं, वहीं घटनास्थल पर पहुंचने वाला हरेक आदमी भी यह सोचने से नहीं रुक पा रहा कि आखिर कौन सी जमीन व कौन से आसमान में अवि एकाएक गुम हो गया जो प्रशासन का इतना बड़ा अमला और आम आदमी का खुद नाले में उतरना भी अवि को ढूंढने में नाकामयाब रहा। आज से पहले ऐसी कोई घटना नहीं हुई, जब कोई नाले अथवा नहर में डूबा हो और वापस न मिला हो। बड़ी-बड़ी नहरों में से गोताखोर डूबने वालों को निकालने में कामयाब रहे हैं, मगर अवि के मामले में तमाम मेहनत असफल होती दिखाई दे रही है।

## ईरान के निर्वासित शाहजादा ने देश में सत्ता परिवर्तन का किया आह्वान

**तेहरान, 23 जून (वार्ता)** ईरान के पूर्व शाहजादा रजा पहलवी ने देश के शीर्ष मजहबी नेता अली खामेनेई को भ्रष्टाचारी, विनाशकारी और देश को पतन की कगार पर ले जाने वाला करार दिया है और ईरानी नागरिकों का आह्वान किया है कि वे शांति का पक्षधर धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ईरान की पुनर्स्थापना के लिए परिवर्तन और राष्ट्रीय नवीकरण की योजना में सहभागी बनें। ईरान से 46 साल पहले सत्ता से अपदस्थ एवं निर्वासित कर दिये गये शाह मोहम्मद रजा पहलवी के पुत्र श्री रजा पहलवी ने सोशल मीडिया पर एक प्रेस ब्रीफिंग में ईरान के खामेनेई शासन को समाप्त करने और नये ईरान की स्थापना के लिए आगे आने के आग्रह के साथ ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक आर्थिक योजना का भी खुलासा किया।

# नन्हीं बच्ची तुतलाहट में बोली - मेरा एडमिशन करा दो, चार घंटे में सीएम योगी ने मुरादाबाद के सबसे महंगे स्कूल में कराया प्रवेश

**लखनऊ, 23 जून (एजेंसी)।** सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान मुरादाबाद की रहने वाली वच्छी नाम की एक बच्ची अपनी समस्या लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंची। फरियाद सुनते हुए जब मुख्यमंत्री इस बच्ची के पास पहुंचे तो सबसे पहले उसका हाल पूछा। फिर उसका भी प्रार्थना पत्र लिया और पढ़ा। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाची से पूछा तू, स्कूल नहीं जाना चाहती है। इस पर बच्ची ने कहा कि नहीं, मैं स्कूल जाना चाहती हूं। मैं यह कह रही हूं कि आप स्कूल में मेरा एडमिशन करा दो। इस पर मुख्यमंत्री ने पूछा, किस क्लास में 10वीं या 11वीं में? बच्ची ने तपाक से उत्तर दिया- अरे, मुझे नाम नहीं पता। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद को प्रार्थना पत्र सौंपा। कहा कि इस बच्ची का एडमिशन हर हर हाल में कराओ। मुरादाबाद से आई वाची ने बताया कि मैं सीएम योगी से मिलकर आई हूं। मैंने उनसे कहा कि मेरा स्कूल में एडमिशन करवा दें। इस पर उन्होंने कहा कि मैं करवा दूंगा। इसके बाद कहा कि सीएम ने मुझे बिस्कुट और चॉकलेट भी दी। नन्हीं बिटिया ने जब प्रवेश के लिए मुख्यमंत्री को कहा तो किसी छोटे मोटे स्कूल में नहीं बल्कि मुरादाबाद के सबसे महंगे स्कूल सीएल गुप्ता वर्ल्ड में महज चार घंटे के अंदर वांची का दाखिला करा दिया गया।



## मुख्यमन्त्री आवास के सामने आत्मदाह की कोशिश, महिला ने खुद पर छिड़का पेट्रोल

**लखनऊ, 23 जून (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री आवास के सामने एक महिला ने आत्मदाह करने की कोशिश की। महिला खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ही रही थी, तभी मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने फुर्ती दिखाते हुए महिला को पकड़ लिया और माचिस छीन ली। महिला को मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। सोमवार सुबह 11:00 बजे के आसपास पीलीभीत के बाजार घाट वैल्हा थाना निवासी सुमित्रा कौर (27) अपने भाई मनदीप सिंह और भांजे के साथ मुख्यमंत्री आवास के सामने पहुंची। मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को महिला पर शक हुआ, कर्मी महिला के पास पहुंचते उससे पहले ही उसने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। आत्मदाह विरोधी दस्ता दौड़कर महिला के पास पहुंचा और माचिस छीन ली। तीनों को पकड़कर गौतम पल्ली थाने को सौंप दिया। पीड़ित महिला सुमित्रा ने बताया कि मई माह में उसके घर में घुसकर अभद्रता की गई थी। उन्होंने 14 मई को पीलीभीत के हाजरा थाने में इसकी रिपोर्ट लिखवाई, लेकिन मामले में पुलिस ने अभी तक सही से जांच नहीं किया। महिला ने बताया कि पुलिस ने किसी भी आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। पीड़ित महिला ने पूरे मामले की जांच सीबीसीआईडी से कराए जाने की मांग की है। मामले में एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने कहा कि महिला ने हाजरा थाने में अभद्रता करने की शिकायत दर्ज कराई थी। सुमित्रा का आरोप है कि पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही, जिससे वह परेशान है। इसी वजह से उसने आत्मदाह करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पीलीभीत पुलिस से सूचना मांगी गई है।

# रोडवेज बस और डीसीएम भिड़न्त में स्कूटी चालक व रेहड़ा सवार गंभीर रूप से घायल

**खतौली, 23 जून (बु.)।** नगर में बुढ़ाना तिराहे पर रोडवेज बस की डीसीएम से आमने-सामने की हुई भीषण टक्कर के दौरान दुर्घटना की चपेट में आए एक स्कूटी चालक और रेहड़ा सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद जीटी रोड पर यातायात जाम की स्थिति बनी रही। घायलों को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रैफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के व्यस्ततम बुढ़ाना तिराहे पर मेरठ की ओर तेज गति से आ रही भैंसाली डिपो की एक बस ने एक डीसीएम में टक्कर मार दी। दोनों वाहनों के बीच हुई भीषण भिड़ंत में सड़क से गुजर रहे एक स्कूटी चालक तथा एक रेहड़ा स्वामी भी चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों की पहचान स्कूटी चालक की नीरज शर्मा पुत्र नरोत्तम शर्मा निवासी सैनी नगर कस्बा खतौली व रेहड़ा स्वामी की पहचान नईमुद्दीन पुत्र आस मौहम्मद निवासी अब्दुल्लापुर मेरठ के रूप में हुई। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, वहीं सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लम्बी-लम्बी कतार लग गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया गया, जहां से घायलों को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रैफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि बस चालक तेज गति से लापरवाही बरतते हुए बस चला रहा था, जिसके कारण वाहन दुर्घटना घटित हुई। वहीं नागरिकों का आरोप है कि क्षेत्र के व्यस्ततम बुढ़ाना तिराहे में पुलिस की गैर मौजूदगी तथा बुढ़ाना तिराहे पर सब्जी फल विक्रेताओं का प्रशासन की लापरवाही से निरंतर बढ़ता अतिक्रमण निरंतर घटनाओं का ग्राफ का बढ़ा रहा है। वहीं रोडवेज व अवैध वाहनों का पुलिस की उदासीनता से दिन-रात बना जमावड़ा भी वाहन दुर्घटनाओं के रूप में मानव जीवन के लिए अभिशाप साबित हो रहा है।





# यूपी में तबादला एक्सप्रेस की जद में आए 127 पीसीएस

**▶▶ एसडीएम संजय सिंह एवं प्रवीण कुमार का हुआ तबादला ▶▶ एसडीएम रश्मि लाम्बा व राहुल देव भट्ट भेजे गए मुजफ्फरनगर**

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)।** बीते एक पखवाड़े से यूपी में शुरू तबादला एक्सप्रेस की जद में आने से अफसरों का इधर से उधर होने का क्रम अभी भी जारी है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत इस कड़ी में शासन स्तर पर रविवार देर रात बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में 127 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए। एसडीएम स्तर के अफसरों की जारी सूची में मुजफ्फरनगर के अफसरों के नाम भी शामिल किए गए हैं। यह ट्रांसफर प्रक्रिया बीते एक महीने से जारी थी और देर रात इसकी अंतिम सूची जारी की गई।

योगी सरकार की ओर से जारी तबादला





सूची में जिन अफसरों का तबादला किया गया है, उनमें अधिकांश अफसर अपने वर्तमान पदस्थापन स्थल पर तीन साल या उससे अधिक समय से तैनात थे। ऐसी स्थिति में शासन स्तर से प्रशासनिक संतुलन और प्रभावी संचालन के तहत लिए गए निर्णय के तहत जनपद मुजफ्फरनगर के खतौली एसडीएम संजय सिंह को मथुरा भेजा है, वहीं एसडीएम प्रवीण कुमार को अयोध्या में नई जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ कानपुर से एसडीएम रश्मि लाम्बा और राहुल देव भट्ट को जनपद मुजफ्फरनगर में भेजा गया है। अधिकारियों की तबादला सूची में सीतापुर के एसडीएम कुमार चंद्र बाबू का तबादला बदायूं किया गया है, वहीं सहारनपुर की एसडीएम संगीता राघव को अब लखनऊ विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त मथुरा की एसडीएम श्वेता को उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में सहायक निदेशक बनाया गया है। लखनऊ मेट्रो के विशेष कार्याधिकारी अजय आनंद वर्मा को औरैया का एसडीएम और एलडीए के विशेष कार्याधिकारी शशि भूषण पाठक को अमरोहा का एसडीएम नियुक्त किया गया है। शासन स्तर पर 127 पीसीएस अधिकारियों के इन तबादलों से प्रशासनिक कार्यों में गति के साथ विकास व कानून व्यवस्था में बदलाव की नई इबारत लिखी जाएगी।


## श्रद्धांजलि

अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम्।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः।।
(गीता 8-5)

भावार्थः जो पुरूष अन्तकाल में मुझको ही स्मरण करता हुआ शरीर को त्याग कर जाता है, वह मेरे साक्षात स्वरूप को प्राप्त होता है- इसमें कुछ संशय नहीं है।



नवम पुण्य तिथि

**श्री संजय स्वरूप बंसल जी**

13 नवम्बर 1959-24 जून 2016

आपकी याद में

श्रीमती नीता स्वरूप (धर्मपत्नी)
वसुन्धरा-राघव स्वरूप (पुत्रवधू-पुत्र)
गरिमा-नितिन अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
(आबकारी मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार)
आंचल-सचिन अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
इनाया, अनाहिता, मिशिका (नातिन) आदिदेव, वंश (नाती), केर्वी (पौत्री)
एवं समस्त स्वरूप परिवार

-: प्रतिष्ठान :-

श्री संजय स्वरूप स्मृति ट्रस्ट, कामाख्या स्टील्स प्रा. लि.
मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, अमरोहा ग्लास फैक्ट्री प्रा. लि.
स्वरूप रोलिंग मिल्स, कृष्णा फार्म, एका वुडवर्क्स फाउंडेशन

निवासः- कामाख्या स्टील्स प्रा. लि., 2 कि.मी. नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ0प्र0)

सम्पर्क सूत्रः 9690355555, 9412216650

